# CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

**प्रेस विज्ञप्ति**

## कैटलिस्ट कॉलेज के 212 छात्रों का हुआ विप्रो में कैम्पस प्लेसमेंट

### जॉब के साथ 'बिट्स पिलानी' से एम.टेक. का कोर्स भी कराएगी विप्रो

### कैटलिस्ट कॉलेज मे इस वर्ष नामांकन हेतु 19 जुलाई को हो रही है प्रवेश परीक्षा

बिहार के कैटलिस्ट कॉलेज मे अध्ययनरत छात्रों ने विप्रो टेक्नोलोजी के इंटरव्यू में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है | कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित हुये कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव मे विप्रो द्वारा इस वर्ष कुल 212 छात्रों को चयनित किया गया है | विप्रो द्वारा आज जारी किए गए सफल छात्रों की सूची मे कुल 147 छात्र कैटलिस्ट कॉलेज के है | ये अपने आप मे पूर्वी भारत का रिकॉर्ड प्लेसमेंट है | इससे पूर्व इस वर्ष कैटलिस्ट कॉलेज के 65 छात्रों का परिणाम जारी किया गया था | चयनित छात्रों को विप्रो द्वारा, जॉब के साथ-साथ 'बिट्स पिलानी' से एम.टेक. का कोर्स भी निःशुल्क कराया जायेगा | छात्रों को 28,000/- रु. प्रति माह तक का स्टाईपन दिया जायेगा | इन छात्रो को कम्पनी द्वारा आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जायेगा एवम इनकी नियुक्ति इंजीनियरिंग के अभियार्थियों के बराबर हुई है | चयनित छात्रों को विप्रो के बैंगलोर, चेन्नई एवम पुणे के डेवलपमेंट सेंटर में आई.टी.एनेलिस्ट एवं प्रोग्रामर के तौर पर नियुक्ति दी गयी है | संस्थान के निदेशक श्री नीरज अग्रवाल ने बताया कि, "सभी चयनित छात्र कैटलिस्ट कॉलेज से बीसीए अथवा बीएससी-आईटी का कोर्स कर रहे है | इस वर्ष कैटलिस्ट कॉलेज संस्थान मे नए छात्रों के नामांकन हेतु 19 जुलाई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है | संस्थान मे आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के अंतरगर्त बीसीए, बीबीए एवम बी.कॉम पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है | प्रत्येक वर्ष संस्थान के छात्र विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे है जो कि संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिचायक है | "

संस्थान की प्लेसमेंट हेड श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा कि, "विप्रो' जैसी प्रख्यात आई.टी. कम्पनी का बिहार के किसी एक ही शिक्षण संस्थान में इतनी बड़ी संख्या मे छात्रों को चयनित करना अपने आप में एक उल्लेखनीय घटना है, और यह राज्य के छात्रों की प्रतिभा को प्रतिबिम्बित करती है | पूर्व के वर्षो में 480 छात्रों का कैटलिस्ट कॉलेज से विप्रो मे चयन हुआ था, इस प्रकार अबतक कुल 692 छात्रों को विप्रो मे जॉब प्राप्त हो चुका है | "

संस्थान के डीन श्री नीरज पोद्दार ने कहा कि, "कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का विप्रो में इतनी बड़ी संख्या मे चयन होने के वजह है उनका मजबूत बेसिक प्रोग्रामिंग कॉन्सेप्ट और प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट स्किल्स | इसके अतिरिक्त छात्रों के कम्यूनिकेटिव इंगलिश में इंप्रूवमेंट पर कॉलेज द्वारा विशेष ध्यान दिया गया एवं जॉब इंटरव्यू के लिए छात्रों को विशेष रूप से 'इंटरव्यू हैंडलिंग स्किल्स' का प्रशिक्षण दिया गया | जिसका परिणाम छात्रों के कंप्यूटर तकनीकी ज्ञान मे दक्षता, इंगलिश बोलचाल मे प्रवीणता तथा छात्रों के ओवरऑल व्यक्तित्व विकास मे रूप में सामने आया है |"

संस्थान कि अकैडमिक हेड श्रीमती मेघा अग्रवाल ने कहा कि, "विप्रो में पूर्व में चयनित कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों ने विप्रो में अपने कार्य के दौरान प्रशंसनीय प्रदर्शन किया हैं | उनकी प्रतिभा को सराहा गया हैं एवं कई छात्रों को कार्य के दौरान पुरस्कृत भी किया गया है | छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन की वजह से विप्रो में कैटलिस्ट कॉलेज संस्थान की रेटिंग बेहतर हुई है | विप्रो के वार्षिक प्लेसमेंट ड्राईव कैलेंडर में कैटलिस्ट कॉलेज का उल्लेखनीय स्थान है | जिसका लाभ संस्थान के वर्तमान छात्रों को भी मिल रहा है | कैटलिस्ट कॉलेज से पूर्व मे चयनित छात्रों को विप्रो द्वारा पुणे, बंगलोर, चेन्नई, नोयडा, कोलकाता, भुवनेश्वर, हैदराबाद इत्यादि शहरों मे नियुक्ति दी गयी है | भारत में विप्रो का कोई भी ऐसा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर नहीं है, जहाँ कैटलिस्ट कॉलेज के छात्र कार्यरत नहीं हैं | कई छात्रों को कार्य के दौरान 'ऑन-साईट' प्रोजेक्ट के तहत विदेशों में भी पदस्थापना मिल चुकी है | चयनित छात्रों को प्रोग्रामिंग के साथ साथ डिजिटल डिलीवेरी सेगमेंट मे होम ऑटोमेशन, स्मार्ट सिटीज़, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लोक्चेन, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस,

मशीन लर्निंग, डेटा वेयरहाउसिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग एवम बिग डाटा इत्यादि के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर भी काम करने का अवसर मिलेगा |"

छात्रों का चयन तीन स्तरीय प्रक्रिया से सफलतापूर्वक गुजरने के पश्चात् हुआ | इंटरव्यू के पहले राउंड में छात्रों की 'ऑन-लाइन' परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों से इंग्लिश, रिजनिंग तथा मैथेमेटिकल ऐप्टीटयूट के सवाल पूछे गए तथा इंग्लिश पैसेज राइटिंग की परीक्षा ली गयी | तत्पश्चात, पहले दौर में सफल छात्रों का 'टेक्निकल इन्टरव्यू' हुआ और उसमें से सफल छात्रों का तृतीय दौर में एच.आर. इंटरव्यू आयोजित किया गया |

चयनित छात्रों की खुशी का ठिकाना नहीं था और रिजल्ट सुनते ही उनकी आंखो से खुशी के आँसू छलक पड़े | सफल छात्रों ने पूरे संस्थान मे मिठाई बाँट कर सफलता का जश्न मनाया और शिक्षको के प्रति अपना आभार प्रकट किया | सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की |

**क्या है खास :**

- इस वर्ष 212 छात्रों को विप्रो टेक्नोलॉजीज़ द्वारा चयनित किया गया है | अब तक कैटलिस्ट कॉलेज के कुल 692 छात्रों को विप्रो द्वारा चयनित किया गया है
- सभी छात्रो को कंपनी के पेरोल नियुक्त किया गया है एवं कम्पनी का ही ऑफर लेटर जारी किया गया है यानि कि ये आउटसोर्स हाईरिंग नहीं है |
- छात्रों को प्रतिवर्ष बढती हुई दर से 28,000/- रू तक प्रतिमाह तक का वेतन मिलेगा |
- विप्रो द्वारा चयनित छात्रों को जॉब के साथ-साथ 'बिट्स-पिलानी' से एम.टेक का कोर्स भी कराया जायेगा |इस कोर्स के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार का कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं करना होगा |
- चार साल के बाद जब इन छात्रों का एम.टेक पूरा हो जायेगा, तब इन्हें प्रमोशन के साथ 5 लाख से 7 लाख के पैकेज पर भारत या विदेश में विप्रो के विभिन्न डेवलपमेंट सेंटर्स में प्रमोट किया जाएगा |
- कैटलिस्ट कॉलेज के कई छात्रों को 'ऑन साईट प्रोजेक्ट' के तहत विदेशों में पदस्थापना भी मिल चुकी है |








MOTIVATIONAL